अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में मनाई गई अंबेडकर जयंती

आज दिनांक 15 अप्रैल 2024 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के पुस्तकालय में भारतीय संविधान के निर्माता व शिल्पकार डॉ० भीमराव रामजी अंबेडकर की स्मृति में हर साल की भांति उनके जन्म दिवस के अवसर पर अंबेडकर जयंती मनाई गई 1 इस कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान श्री देवेंद्र गुप्ता जी की सद्प्रेरणा व महाविद्यालय के महासचिव श्री दिनेश गुप्ता जी के कुशल मार्गदर्शन में किया गया 1 महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता जी ने उन्हें प्रख्यात अर्थशास्त्री, कानूनविद और राजनेता बताते हुए सभी के लिए प्रेरणा स्रोत बताया उन्होंने बताया कि अपने प्रगतिशील विचारों के चलते हुए वे आज देश विदेशों में करोड़ों लोगों के प्रेरणा स्रोत हैं और हमें भी बाबा साहब के प्रेरक विचारों को जिंदगी में उतारने का संकल्प लेना चाहिए 1

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्तागण ,कार्यक्रम संयोजक व पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ० रामचंद्र व श्री लवकेश भी मौजूद रहे 1